आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.12.2025 / संजय / 11:00बजे

आकाशवाणी शिमला है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन

विश्व स्वास्थ्य संगठन आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 100 से अधिक सदस्य देशों के लगभग 25 स्वास्थ्य मंत्री पारंपरिक चिकित्सा पर आयोजित दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगे। विश्व में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के प्रचार–प्रसार में भारत की भूमिका को रेखांकित करते हुए कोटेचा ने कहा कि भारत ने साझेदार देशों को पारंपरिक चिकित्सा के लिए नियामक ढांचा विकसित करने में विशेषज्ञता प्रदान की है और साथ ही क्षमता निर्माण, शिक्षा तथा अनुसंधान में भी सहयोग दिया है।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कल राज्यसभा के शून्यकाल के दौरान सस्ती हवाई सेवा उडान के तहत हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण हवाई सेवाओं के बाधित होने का विषय संदन में उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली से शिमला, शिमला से धर्मशाला और शिमला से अमृतसर जैसे अहम रूटों पर हवाई सेवाएं, आपररेटर के अनुबध की अवधि समाप्त होने के कारण बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन और व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड रहा है। सांसद ने नागरिक उडडयन मंत्री से इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेने का आग्रह करते हुए कहा कि नए ऑपरेटर को आमंत्रित किया जाए या मौजूदा ऑपरेटर के साथ उडान समझौता का नवीनीकरण किया जाए ताकि हिमाचल की हवाई सेवाएं जल्द बहाल हो सकें।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों के समान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है ताकि आम परिवारों के बच्चे अपने आपको किसी से कम न समझें और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ सके। इसलिए राज्य सरकार प्रदेश के बच्चों के लिए राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल जैसी महत्वाकांक्षी योजना लेकर आई है।

राज्य चयन आयोग

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने टीजीटी आर्टस के पदों को भरने के लिए कंपयूटर आधारित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। आयोग द्वारा अभ्यार्थियों के लिए आयोग की वैबसाइट पर परीक्षा से एक सप्ताह पहले लिंक का प्रावधान किया जाएगा जिससे अभ्यार्थी अपना रोल नंबर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर पाएंगे रोल नंबर व परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एस एम एस के माध्यम से भेजी जाएगी।

चुनाव

हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की बैठक कल संगठन के प्रधान संजीव शर्मा की अध्यक्षता में प्रदेश सचिवालय में हुई। बैठक में संगठन के आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन के चुनाव 15 जनवरी 2026 को आयोजित किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि संगठन की सदस्यता 31 दिसंबर तक ग्रहण की जाएगी।

सुधीर शर्मा

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर कार्निवल जैसे सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में उगाही कराने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल के नाम पर पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों, मिलर्स और अन्य लाइसेंस धारकों से सरकारी पत्र जारी कर धन मांगा जा रहा है, जो प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग है। शर्मा ने इसे दबाव में की जा रही वसूली बताया और कहा कि सरकार बजट से आयोजन करे। सुधीर शर्मा ने ने कहा पार्टी इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है और सरकारी तंत्र के इस दुरूपयोग के खिलाफ भाजपा सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम ने अचानक करवट बदली है। शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज आसमान पर हल्के बादल छाए हुए है जिस से दिन की शुरूआत गुनगुनी धूप के साथ हुई हुई है। मौसम में यह बदलाव प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के दस्तक देने के कारण दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार के अनुसार 19 दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार है। इससे लोगों को काफी हद तक सूखी ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।